हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

07 अप्रैल 2025, समय 1810

- आज दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए लोक कल्याण के विभिन्न कार्यों में निवेश करेगी।

- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हरियाणा में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

- एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में "एनीमिया मुक्त पोषण युक्त" अभियान की शुरुआत की गई।

- केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पादक शुल्क में 2 रूपये प्रति लीटर की वृद्धि की। उपभोक्ताओं पर वृद्धि का प्रभाव नहीं पड़ेगा।

- केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर कल पोषण पखवाड़े की शुरुआत पर विभिन्न मंत्रालयों व राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी।

**********************************************************************

स्वास्थ्य और इससे जुड़े अच्छी आदतों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस वर्ष का विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य। जिस का उद्देश्यन मातृ और नवजात मृत्यु को रोकना और महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य तथा कल्याण को प्राथमिकता देना है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में, उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी और लोगों के कल्याण के विभिन्न पहलुओं में निवेश करेगी। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि अच्छा स्वास्थ्य हर संपन्न समाज की नींव है।

*आज आधुनिक दुनिया की जो लाइफस्टाइल है, जो नई-नई बीमारियां हम देख रहे हैं इसलिए आज निरोगी रहना जीवन के सफर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। हम भारतीय वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे सन्तु निरामया इस भावना से जीने वाले लोग हैं।*

आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में देश की सराहनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मातृ और शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उन्होंने सभी से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की  अपील भी की।

*सभी देशवासियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं और आज के इस दिन पर आप सबसे बस यही प्रार्थना है अपनी सेहत का ख्याल रखें। जरूरी है कि आप पोषण युक्त भोजन लें और किसी न किसी फिजिकल एक्टिविटी में आप जरूर अपने आप को इन्वोल्व करें, थोड़ा नमक कम, थोड़ा चीनी कम, थोड़ा तेल कम इस मंत्र को अपनाइए, और स्वस्थ रहिए।*

***************************************************************************

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज हरियाणा में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग किया गया।पंचकुला नागरिक अस्पताल की सिविल सर्जन डॉक्टर मुक्ता कुमार ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को इस दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सहयोग व योगदान के कारण ही डॉक्टर लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपना श्रेष्ठ दे पाते हैं।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के इस वर्ष के विषय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा -

***************************************************************************

अम्बाला छावनी स्थित नागरिक अस्पताल में भी विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूजा पैंटल संबोधित किया और स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि न केवल बीमारियों के इलाज पर ध्यान देना जरूरी है , बल्कि उनकी रोकथाम के लिए सजग रहना भी आवश्यक है।कार्यक्रम में अन्य चिकित्सकों ने भी भाग लिया।

*************************************************************************

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आज जींद के नागरिक अस्पताल के परिसर में नर्सिंग की छात्राओं ने एक नाटक के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डॉक्टर पालेराम सहित कई चिकित्सकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

उप सिविल सर्जन डॉक्टर पालेराम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की और से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना था।

नर्सिंग कालेज की प्राध्यापिका काजल ने बताया कि छात्राओं ने नाटक के माध्यम से लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए दूषित वातावरण से बचाव बारे जागरूक किया।

*************************************************************************

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इसके प्रभावी इलाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में "एनीमिया मुक्त पोषण युक्त" कैंपस अभियान का शुभारंभ हुआ। इस दौरान विश्वविद्यालय के साथ स्वास्थ्य विभाग, पं भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एकजुट होकर समाज से एनीमिया को मुक्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस दो दिवसीय कार्यक्रम में चिकित्सकों की 17 टीमें विश्वविद्यालय की लगभग 7500 छात्राओं, महिला शिक्षकों, महिला कर्मियों व कैंपस में रहने वाले महिला समुदाय के रक्त की जांच करेंगी।

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है।वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार यह वृद्धि कल से प्रभावी होगी लेकिन, तेल विपणन कंपनियों ने कहा है कि दोनों पेट्रोलियम उत्पादों के खुदरा मूल्यों में कोई वृद्धि नहीं होगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में बताया कि उत्पाद शुल्क में वृद्धि का प्रभाव उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा।श्री हरदीप पुरी ने कहा कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई है। श्री पुरी ने कहा कि कल से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए गैस सिलेंडर का मूल्य 550 रुपये और अन्य के लिए 853 रुपये होगा।

*************************************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की तत्काल सुनवाई को सूचीबद्ध करने पर विचार करने को लेकर सहमति दिखाई है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायाधीश संजय कुमार और के.वी.विश्वनाथन की खंडपीठ ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर किया है। दलीलों में पाया गया कि इस मुद्दे पर कई याचिकाएं हैं और उन्हें तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की जरूरत है। इसके अलावा, श्री सिब्बल, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अधिवक्ता निजाम पाशा ने अन्य याचिकाओं को तत्काल सूचीबद्ध किए जाने का भी उल्लेख किया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ (संशोधन) विधेयक,

2025 को अपनी सहमति दे दी है। इस विधेयक को पहले दोनों सदनों में काफी बहस के बाद संसद ने पारित कर दिया था।

**************************************************************************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर कल पोषण पखवाड़े के आरंभ पर एक वेबकास्ट के माध्यम से 18 भागीदार मंत्रालयों के अधिकारियों, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी।कुपोषण को दूर करने की सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता के मद्देनजर इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में मुख्य रूप से चार विषयों पर जोर दिया जाएगा। इनमे, जीवन के पहले एक हजार दिनों पर ध्यान केंद्रित करना, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करना शामिल है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहल पोषण अभियान, कुपोषण से निपटने, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण परिणामों में सुधार करने पर केंद्रित है।

**************************************************************************

आज जींद के राजकीय महाविद्यालय के छात्रों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशों के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को उप पुलिस अधीक्षक जोगेंद्र सिंह एवं कालेज के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में एनसीसी कैडेट्स ने भी भाग लिया। यह जागरूकता रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। सभी छात्र एवं छात्राओं को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मालिक ने बताया।

--------------